nt>
Title: Further discussion on the motion for consideration of the Electricity Laws (Amendment) Bill, 1998 moved by Shri P. R. Kumaramangalam on the 20th July, 1998. Motion for consideration - adopted.

15.28 hrs

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up the Electricity Laws (Amendment) Bill. Prof. Ajit Kumar Mehta.

प्रो. अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, पिछले दिनों इस बिल पर हम चर्चा कर रहे थे तब मैंने कहा था कि सरकार को व्यापक विकास के लिए व्यापक ढंग से सोचना चाहिए, टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं सोचना चाहिए। योजना आयोग से राय लेकर एक व्यापक योजना बनानी चाहिए। इरीगेशन, फ्लड कंट्रोल, जेनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और इलेक्ट्रिफिकेशन सब शामिल हों, यह मेरा सरकार को सुझाव था। जब ट्रांसमिशन की बात आई तो मैंने ध्यान दिलाया था कि ट्रांसमिशन लॉस केवल लाइन में नहीं होता, बल्कि सबसे ज्यादा चोरी की भागीदारी इसमें होती है। जैसे दिल्ली विद्युत बोर्ड का उदाहरण दिया गया था। राज्य सभा में सरकार ने स्वयं कहा था कि बिना कुछ परिवर्तन किए चोरी में ट्रांसमिशन लॉस २४.३५ प्रतिशत से बढ़कर ४८.५७ प्रतिशत हो गया है। इसको रोकने के उपाय किए जाने चाहिए। दिल्ली में बी.जे.पी. की सरकार के राज में यह हुआ है। इसलिए केन्द्र और राज्य सरकार, दोनों के सहयोग से इसे दूर किया जा सकता है।

मैं आपको अपनी एक व्यथा बताना चाहता हूं। अभी एक ट्रांसमीशन लाइन मऊ से लेकर.

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. There are many other Members who would also like to speak on this; then the hon. Minister would also reply to the debate.

PROF. AJIT KUMAR MEHTA : Sir, I would take only three minutes.

SHRI FRANCISCO SARDINHA :Sir, we want to speak on the subject. We have been waiting for our chance ... (Interruptions) Yesterday I even did not go for my meeting due to this. I also want to speak on this subject ... (Interruptions)

प्रो. अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : आप एक ट्रांसमीशन लाइन बिहार में मऊ तक ले जाने वाले हैं। मेरा सुझाव है कि इस लाइन को मुजफ्फरपुर से डाइवर्ट करें, इससे आप ४०० किलोवाट बिजली बिहार को उपलब्ध करा सकते हैं। फिलहाल इससे हमारा दुख दूर हो जाएगा।

महोदय मैं चर्चा कर रहा था कि हमारे यहां इलैक्ट्रीफिकेशन नहीं हो पाया है, क्योंकि बिजली बोर्ड के पास पैसा नहीं है।

REC ने १९८९ में ७९ करोड़ रुपया लोन लिया था, जो आज बढ़कर ३०५ करोड़ रुपए हो गया है। इस वजह से **REC** से आगे लोन नहीं मिल रहा है और बिहार का इलैक्ट्रीफिकेशन नहीं हो रहा है। मेरा सरकार से निवेदन है कि वह सूद-दर-सूद को माफ कर दे और फिलहाल इस राशि को एबेयेंस में रखकर बिहार इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड को कर्ज देना आरम्भ कर दे।

... (व्यवधान)

आप इसे स्वीकार करें या न करें, लेकिन मेरा यह सुझाव है। अन्यथा गांवों का इलैक्ट्रीफिकेशन नहीं होगा और आप कहेंगे कि बिहार को बिजली की जरूरत नहीं है। इसलिए आपको मेरे इस सुझाव पर विचार करना चाहिए।

बाधारहित बिजली की आपूर्ति के बारे में कहना चाहता हूं। ताप बिजलीघर से संभव नहीं है कि आप पीक-आवर्स में बिजली की आपूर्ति कर सकें। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पीक-आवर्स में ६४,८८२ मेगावाट ऊर्जा की हमें आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता ५६,२५२ मेगावाट है। यह अंतर करीब १३.२ प्रतिशत है। इस कमी को आप तभी पूरा कर सकते हैं, जब आप ताप बिजली के साथ-साथ पन-बिजली का भी इस्तेमाल करें। इसके लिए मैंने सुझाव दिया था कि बिहार में कोयल कारो, कदवन, कन्हड़ और शंख परियोजना को लें, जिससे दो हजार मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो सकती है। इसके अतिरिक्त मेरा सुझाव है कि नेपाल के साथ अन्तरराष्ट्रीय समझौता कर पनबिजली की क्षमता का विस्तार करें। इससे उत्तर बिहार बाढ़ से भी मुक्त हो सकेगा और आप पीक-आवर्स में पर्याप्त बिजली भी दे सकेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

">SHRI N.K. PREMCHANDRAN : Sir, thank you very much for giving me this opportunity to express my views in respect of the Electricity (Amendment) Bill, 1998.

Sir, our country is giving much importance and prominence to the development of infrastructure. The power sector plays a key and an important role in the field of infrastructure. Out of the various components of power sector, electricity plays the most important role.

Sir, I would like to highlight the three grounds on which I oppose this Bill. Before coming to the points which I would like to oppose, I would like to submit that generation, transmission and distribution are the three major steps of power supply. But it is a sad commentary for this country that we are not able to distribute power or electricity which we produce.

We are now in the fag end of the 20th century. We are having the advanced technology. The figures in regard to distribution and transmission show that we are suffering a loss of 16-22 per cent either in distribution or transmission. I would like to say that this has to be rectified first. We are producing each unit of electricity by spending a huge amount. But even after spending a huge amount on production, we have not been able to utilize properly the electricity so produced. This is the fate of our country. This has to be rectified. This can be rectified with the help of advanced technology that we have.

This Bill seeks to make transmission a distinct activity. According to me, generation, transmission and distribution, all these three activities go together. The purpose of the Bill is to separate transmission from the other two activities, and to make it a distinct and independent activity. We have a structural formula in which we have the Power Grid Corporation at the Central and regional levels and the State Electricity Boards in the States. In addition, there are other Government agencies in this field. The argument of the Government may be, the Power Grid Corporation or the public sector undertakings owned by the Government of India or the State Electricity Boards are not in a position to invest in transmission or in infrastructure development in the power sector. So, private investment could be attracted by way of privatizing the transmission sector. Hence, there is a need to amend the Indian Electricity Act, 1910 and also the Electricity (Supply) Act, 1948.

The question to be considered at this stage is, whether privatisation of the transmission sector will make good the handicap in our power sector, that is the loss of power. We have to consider whether that defect could be overcome by way of privatization. I think the answer is, `no'. It will create more confusion and complication. We have a uniform network for the supply of power. I have already pointed out that the Power Grid Corporations both at the Central and regional level and the State Electricity Boards as also the Report of Shankeraguruswamy show that the present network of power supply has several advantages. The first and the foremost advantage is that multiplicity of contracts could be avoided. Responsibility can be clearly demarcated and the commercial rates would be much more simple. The Electricity Boards will get the requirements from the Power Grid Corporation and the State Electricity Boards will be getting their requirements from the units. Such a uniform system having a better coordination between all these agencies is available in our country. The question of better coordination was discussed in the Standing Committee also. This question has to be answered first.

What would be the result if the transmission sector is completely or partly privatized? I think the entire system will suffer. That is the first reason on which I oppose this Bill. By doing this, there will be lack of coordination and it will also create confusion and complication.

Secondly, the power supply can never be confined to commercial benefits. The power sector has to be given priority on social grounds also. If the multinational companies or other private companies come in the field of transmission, their main aim would be to earn profits. So far as distribution of electricity is concerned, we are giving concessions to agriculture sector and weaker section of the society. Persons belonging to Scheduled Caste and Scheduled Tribe also are being given benefits out of this. One of the Government Secretaries deposed before the Committee that it is very difficult for the private sector to handle distribution. Privatizing the distribution sector is very very difficult. Investing money at the transmission stage and then controlling it by the authorities enunciated in this amendment is very easy. So, I cannot support that point because this is an important sector. It has to be given much more priority. It cannot be privatized in-toto. It cannot be made absolutely for commercial benefits and considerations.

The third point that I would like to make is regarding the impact on the consumer. What would be the impact of this Bill, if it becomes an Act and is implemented on the consumers? The evidence tendered by the officials of the Ministry before the Standing Committee on Energy clearly shows that there is going to be only a marginal increase of power. Here I would like to quote para 54 of the Nineteenth Report of the Standing Committee on Energy. It reads:

"Asked about the expected impact on the consumers due to segregation of transmission, Ministry of Power in a note stated that while the SEBs could continue with low returns, a transmission licensee would expect reasonable returns commensurate with the investment and risk involved. It is, therefore, inevitable that the transmission charges for the components of transmission system built by the private sector on `Build, Own and Maintenance' basis would be marginally higher."

That goes to show that there is going to be an increase in the unit price also. That will come upon the poor consumers and the middle class people.

Sir, because of the aforementioned three reasons -- (1) element of commercial benefit because of privatisation (2) system suffering because of lack of coordination, and (3) the adverse impact on the common people -- I oppose this Bill.

With these words I conclude. Thank you.

">

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : सभापति महोदय, जो विद्युत विधि (संशोधन) विधेयक, १९९८ माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने रखा है मैं उसे सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं मंत्री जी को ऊर्जा संकट के बारे में गंभीरता से सोचने के लिए बधाई देता हूं। यह सच्चाई है कि देश के विकास के लिए ऊर्जा का फैक्टर बहुत ही महत्व रखता है और इस महत्व को समझते हुए इन्होंने जो देश के लिए ऊर्जा शक्ति चाहिए, उसको बढ़ाने के लिए जो उपाय सोचा है, मैं समझता हूं कि यह बहुत जरूरी था। जहां तक ट्रांसमिशन बाइफरकेट करने की बात चली है लेकिन मैं समझता हूं कि सिस्टम चेंज नहीं हुआ। आपने सैक्शन ४१(ए) के अंदर ३००० रुपए लम्पसम जुर्माना तो रख दिया, अच्छा यह होता अगर इसे रेश्यो के हिसाब से फिक्स किया जाता कि जितना बिल आता है उसके हिसाब से देना होगा। पहले भी देखा जाता है कि बिजली चोरी के लिए किसानों पर जुर्माना हो जाता है लेकिन जहां करोड़ों रुपए की चोरी होती है वहां कुछ नहीं होता है। जब सब के लिए ३००० रुपए होगा तो इससे बड़े लोग बच सकते हैं, इसलिए इस पर थोड़ा ओर सोच लिया जाए तो अच्छा होगा।

15.43 hrs (Mr. Speaker in the Chair)

महोदय, अगर सिस्टम यही रहेगा तो उससे कोई ज्यादा फायदा नहीं हो पाएगा। अगर अलग-अलग क्षेत्र बांट लिए जाएं- प्राइवेटाइजेशन का क्षेत्र अलग हों, सार्वजनिक का क्षेत्र अलग हों तो अच्छा होगा। जब हमारे यहां ट्रांसपोर्टेशन निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र के चलते हैं तो निजी क्षेत्र वाले, सार्वजनिक क्षेत्र वालों की बसें चलने ही नहीं देते, वैसाा ही यहां भी हो सकता है। इसलिए मैं चाहूंगा कि अगर हो सके तो उसमें थोड़ी सी अमेंडमेंट हो जाए तो अच्छी बात होगी। जहां ट्रांसमिशन फैक्टर को आपने गंभीरता से लिया है वैसे ही ऊर्जा के सैक्टर में कुछ ऐसे फैक्टर हैं जिनको गंभीरता से लेने की जरूरत है। जैसे प्लांट लोड फैक्टर है उसे भी गंभीरता से लेने की जरूरत है। हमारे देश में ८४,००० मेगावाट बिजली जेनरेट होने की केपेसिटी है, मगर ४०,००० मेगावाट के करीब बिजली हम पैदा करते हैं और ४०,००० मेगावाट में से भी ३०,००० मेगावाट के करीब चोरी हो जाती है। इसलिए अगर पूरी केपेसिटी बरती जाए तो मैं समझता हूं कि ऊर्जा का संकट काफी हद तक सोल्व हो सकता है। १३-१३, १४-१४ साल से लोगों ने ट्यूबवेल कनेक्शन लेने के लिए एप्लीकेशन दी हुई हैं लेकिन उनको बिजली नहीं मिलती, इसके लिए जरूरी है कि फुल केपेसिटी से प्लांट चले तो अच्छी बात होगी। ट्रांसमिशन के लिए यह भी जरूरी है कि कुछ स्टेटस में सरप्लस बिजली होती है जिसमें पीक सीजन में उनको डेफिसिट होती है, जैसे पंजाब में आठ महीने सरप्लस होती है।

चार महीने जब पैडी का सीजन होता है तो पंजाब में डैफिसिट होती है। अगर ट्रांसमीशन सिस्टम अच्छा होगा तो मैं समझता हूं कि डैफिसिट स्टेट को सरप्लस स्टेट से लाकर बिजली दी जाएगी और देश से ऊर्जा संकट दूर होगा। हमारे यहां विश्व में सबसे अधिक २१ प्रतिशत ट्रांसमीशन का नुकसान है, इसको भी सुधारने की जरुरत है। जो स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड हैं उनमें भी एफीशिएंसी लाने की आवश्यकता है क्योंकि ६३ प्रतिशत बिजली राज्य ही पैदा करते हैं, केन्द्र तो केवल २५ प्रतिशत ही बिजली पैदा करता है। इसलिए इनमें भी सुधार लाना जरूरी है।

जो ऑन-गोइंग प्रौजेक्टस हैं उनको भी पूरा करने की बात है। मैंने १० जून को एक सवाल पूछा था जिसके उत्तर में कहा गया कि उसकी फिगर्स हम मंगवा रहे हैं। मैंने प्रश्न नम्बर १६१९ पूछा था कि कितने प्रौजेक्टस हैं जो शुरू हुए हैं लेकिन पूरे नहीं हुए हैं। मुझे पता चला है कि १०० से अधिक ऐसे प्रौजेक्टस हैं जो पिछले कई सालों से शुरू हुए हैं लेकिन कम्पलीट नहीं हुए हैं। पंजाब में थीन डैम बहुत साल पहले शुरू हुआ था जिसकी शुरू में लागत ८५ करोड़ बताई गयी थी। जब प्लानिंग कमीशन में प्रौजेक्ट गया तो उसकी लागत ३०० करोड़ हो गयी और जब प्लानिंग कमीशन ने पास किया तो उसकी कीमत ६८० करोड़ हो गयी। आज उस पर ३००० करोड़ रुपया लग गया है लेकिन उससे बिजली भी नहीं मिली है और पाकिस्तान को पानी जा रहा है। अभी भी १६७ करोड़ रुपया उसके लिए केन्द्र देगा तो वह शुरू हो पाएगा। उसको शुरू हुए २५ साल हो गये हैं और हम उसकी सिल्वर-जुबली मनाने की सोच रहे हैं। इसलिए ऐसे जो ऑन-गोइंग प्रौजेक्टस हैं उनको अगर जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए तो अच्छी बात है। थीन-डैम तो जल्दी पूरा होना ही चाहिए।

हाईडल प्रौजेक्टस से सस्ती बिजली बन सकती है और उसकी क्षमता भी बहुत अधिक है। हमारे यहां हिमाचल से कितना पानी आता है जिससे बाढ़ आ जाती है। अभी बाढ़ आई है और हमारी फसलों, घरों और पशुओं को नुकसान हुआ है। इसलिए डैम पहाड़ी क्षेत्रों में बन जाएं तो बहुत अच्छी बात है। वहां के मुख्यमंत्री ने एक बयान भी दिया है और प्रधान मंत्री ने भी इस बारे में कहा है। जो हाईडल प्रौजेक्टस बनाए जा रहे हैं उनके लिए ऊर्जा मंत्री को मेरा एक सुझाव है कि जो राज्य प्रौजेक्टस के पास पड़ते हैं उन राज्यों को भी हिस्सेदार बनाया जाए। अब वहां पार्वती डैम बना है और उसकी क्षमता ३००० मैगावाट है लेकिन उसमें से पंजाब को एक मैगावाट बिजली भी नहीं दी जा रही है। राजस्थान, गुजरात और दिल्ली को हिस्सेदार बना लिया जबकि हमारी सड़कों पर होकर ढुलाई होती है जिससे आने-जाने में रुकावट होती है लेकिन हमें ही हिस्सेदार नहीं बनाया गया है। ऐसे ही हिमाचल में कोल-डैम है। इसलिए मेरा कहना है कि जो नजदीक के राज्य हैं उन्हें प्र ौजेक्टस में हिस्सेदार बनाया जाए तो उनको भी लाभ मिल सकता है। ऐसे ही नाफ्ता-जाखड़ी डैम है जिसमें ७५ प्रतिशत केन्द्र का और २५ प्रतिशत हिमाचल का हिस्सा है। पंजाब को उसमें भी हिस्सा नहीं दिया गया है। अब अखबारों में आ रहा है कि जो बिजली जैनरेट हो रही है और पानी यूज हो रहा है उस पर टैक्स होगा। मैं ऊर्जा मंत्री से कहूंगा कि हिमाचल में पहले ही १२ प्रतिशत जैनरेशन का फ्री दिया जाता है। मैं हिमाचल के विरोध में नहीं हूं लेकिन यह जरूर चाहूंगा कि अगर १२ प्रतिशत फ्री दिया जाता है तो रायल्टी लेने की जरूरत नहीं है। अगर रायल्टी लेनी है तो १२ प्रतिशत जैनरेशन का फ्री नहीं दिया जाए। कोई ऐसी पॉलिसी बनानी चाहिए जिससे बिजली का जो संकट है वह दूर हो सके।

सरकार ने ट्रांसमीशन को गंभीरता से लिया है, इसी प्रकार से जो बिजली चोरी होती है तो डिस्ट्रीब्यूशन को भी गंभीरता से लें और जैनरेशन को भी गंभीरता से लें। अगर ऐसा होता है तो बिजली का संकट देश से दूर हो सकता है और देश का विकास तेजी से हो सकता है। देर आयद, दुरूस्त आयद, इन्होंने जितना भी किया है, कुछ तो किया है उसके लिए बधाई भी देता हूं और सुपोर्ट भी करता हूं।

">

श्री राजो सिंह (बेगूसराय): अध्यक्ष महोदय, विद्युत विधि संशोधन विधेयक स्वागत योग्य बिल है। मैं मंत्री जा का ध्यान पृष्ठ चार के धारा २७(ग) की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इसमें प्रावधान किया गया है कि "> 'जब तक केन्द्रीय आयोग की स्थापना नहीं की जाती, केन्द्रीय सरकार और उसके पश्चात केन्द्रीय आयोग, उपधारा (४) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, किसी व्यक्ति को पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा।'

मैं मंत्री जी को ज्यादा बधाई देता यदि यह प्रावधान होता कि बिल पास होने के ३० दिन के अन्दर आयोग का गठन कर दिया जाएगा। इससे सारे प्रावीजन ज्यादा उ पयोगी होते। इससे पहले अंग्रेजों के समय १९१० में यह बिल बना था। इसके बाद राज्यों के हित के लिए १९४८ में विद्युत बोर्ड का निर्माण किया गया। यह लाइसेंस देने का काम अपने जिम्मे रखना चाहते हैं। मुझे इस पर कोई एतराज नहीं है। आप लाइसेंस देकर लोगों को बिजली दें। आज भी हिन्दुस्तान के ७२ परसैंट लोग अंधेरे में रहते हैं। उनका बिजली से कोई वास्ता नहीं है।

महोदय, मंत्री जी जिस राज्य से आते हैं, वहां रामेश्वरम जाने का मुझे भी मौका मिला है। उसके रास्ते में रामनाथपुरम जिला है। वहां की औरतें अपने सिर पर घड़ा लिए काफी दूर पानी लेने जाती हैं। इस बिल को देखने के बाद ऐसा लगता है कि आखिर मंत्री महोदय चेन्नई से दिल्ली तो नहीं लौट आए। चेन्नई के अलावा दूसरे इलाकों में जहां आदिवासी, पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग और गरीब वर्ग के लोग रहते हैं, उनके लिए पानी, बिजली की व्यवस्था करनी चाहिए। इन्होंने अपने नेशनल एजेंडा में भी हर वर्ग के लोगों के लिए बिजली के माध्यम से जल आपूर्ति स्कीम लाने की बात कही है। उसमें कहा गया है कि हर वर्ग के लोगों के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी। वह शायद यह बात भूल गए कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी वह लोगों को कुंए और नल से पानी नहीं दे पाए। उनके लिए जल आपूर्ति स्कीम बनाई जाए। आप जब तक उनके लिए बिजली की व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक लोगों को पानी मुहैय्या नहीं कर पाएंगे। जो सरकार उत्तरांचल बनाने की बात करती है, वह लोगों के लिए बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं कर पाई है। पहाड़ों में काफी दूरी पर लोग बसे हैं। उनके यहां पानी की व्यवस्था बिजली के माध्यम से ही हो सकती है। इस बात की जानकारी मैं सरकार को देना चाहता हूं। उनके लिए यह व्यवस्था होनी चाहिए।

मान्यवर, जब १९१० में यह एक्ट बना था तो बिजली तांबे के तार लगा कर दी जाती थी। जब उसकी चोरी होने लगी तो लोहे के तार देने शुरु कर दिए। अब अ ल्मुनियम के तार की व्यवस्था की जा रही है। इनका जो सफेद हाथी है, जो गांवों में बिजली देने के लिए निगम बना है, उसकी कागज पर सारी फीगर्स दिखा दी जाती हैं कि हमने गांवों में इतनी बिजली दी, तार दी लेकिन कनैक्शन दिया या नहीं, यह इनको देखना चाहिए।

मैं समझता हूं कि देश के लिये ग्रामीण विद्युतीकरण निगम सफेद हाथी हो गया है। इसमें परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। यदि संशोधन के द्वारा यह व्यवस्था की जाती तो बहुत बड़ा प्रगति का रास्ता हो सकता था।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक उत्पादन बढ़ाने की बात है, उसे प्राईवेट पार्टी करे, प्राईवेट सैक्टर में जाये लेकिन बिजली बढ़ने से किसानों को मिल जायेगी, मैं ऐसा नही समझता। यदि आप उत्तर प्रदेश और बिहार के टयूबवैल्ज़ को देखेंगे तो मालूम होगा कि वे सारे बंद पड़े हुये हैं। वहां या तो बिजली द्वारा या सरकारी मोटरों के द्वारा बिजली के पम्प लगाये जाते हैं। ये लोग अपनी व्यवस्था नहीं कर पाते हैं जिससे सिंचाई की व्यवस्था नहीं हो सकती है। आपने इसके लिये क्या व्यवस्था की है?

अध्यक्ष महोदय, इसमें यह व्यवस्था नहीं की गई कि राजस्व की वसूली कैसे होगी? यदि छोटे किसानों पर पांच हजार रुपया बकाया रह जाता है तो इंस्पैक्टर या अ फसर उसकी बिजली काट देता है लेकिन किसी बड़े व्यापारी या उद्योगपति पर लाखों रुपया बकाया है, वह नहीं देता तो उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती। संभवतः वह प्राईवेट लाईन या अंडरग्राउंड वायरिंग से बिजली लेता है। उससे न मोटर का खर्चा आता है और न वह बिल देता है। क्या आपने इसको देखने का काम किया है? इससे सरकार को काफी क्षति उठानी पड़ रही है।

अध्यक्ष महोदय, श्री कुमारमंगलम जी पहले हमारे दल में थे और तिरुपति में कांग्रेस वर्किंग मैम्बर थे। उस समय हम बिहार से ए.आई.सी.सी. के मैम्बर्स वहां बैठे हुये थे। ये हमारे सामने वोट मांगने आये। हम जानते थे कि पार्लियामेंट में यह तेज़-तर्रार एम.पी. हैं तथा हाउस में पब्लिक ग्रीवांसेज़ रखा करते थे, हमें इनके पिता

स्व. मोहन कुमारमंगलम को देखने का मौका मिला था, वे इस देश के जाने-माने, विद्वान नेता थे और यह इनके सुपुत्र हैं। आज न जाने यह उधर क्यों चले गये? इतने बड़े आदमी के सुपुत्र रास्ता भटक गये हैं। यह जब इधर थे तो सरकार में रहने का मौका मिला था। आपने कभी सोचा है कि सरकारी दफ्तर में क्या क्या होता है? आज आप एक गरीब और किसान को, जो झोंपड़ी में रह रहा है, उसको पकड़ने जा रहे हैं लेकिन आपका दरोगा, कलैक्टर, एस.डी.ओ. बिना कनेक्शन लिये हुये बिजली जलाते हैं और उसका मीटर भी नहीं चलता है। उस पर कोई बकाया पैसा नही है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इसके लिये आप क्या व्यवस्था करेंगे? मेरा सुझाव है कि आप एक नियमावली बनाईये जिसे इस टेबल पर रखिये और एक महीना बाद उसको लागू करिये। आप यह व्यवस्था करें।

अध्यक्ष महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ एक और सुझाव देते हुये अपनी बात समाप्त करूंगा। आप एक टास्क फोर्स बना दीजिये जो सारे प्रकरण की जांच करे। वह उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा में पता लगाये कि ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के नाम पर कितना पैस खर्च किया गया। जो पैसा खर्च किया गया, उससे कितना तार खरीदा गया? उस पैसे से कितने पोल खरीदे गये? उसके द्वारा यह पता लगाया जाए कि ट्रासफार्मर्स खरीदे गये या नहीं, किसानों के खेतों की पानी द्वारा सिंचाई हो रही है या नहीं और बिजली के माध्यम से पाईपलाईन से पीने की पानी की व्यवस्था की जा रही है या नहीं?

16.00 hrs

मैं समझता हूं कि आपने कदम उठाया है। मैंने कहा कि वह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन मुझे डर है कि यह आयोग बनाने की बात तो आपने ज़रूर कर ली है, लेकिन आप टास्क फोर्स भी बना दें और आज बिल के अवसर पर कहें कि हम टास्क फोर्स बनाएंगे और उससे जांच कराकर जो भी कार्रवाई होगी, जो सफेद हाथी बैठा हुआ है, चाहे यहां बैठा रहे चाहे बाहर सचिवालय में या फील्ड में बैठा रहे, उन लोगों पर कार्रवाई करेंगे और बिजली उत्पादन करके ज्यादा से ज्यादा ग्रिड हर स्टेट में बनाकर बिजली मुहैया करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

MR. SPEAKER: Hon. Members, at 4 o' clock, we have to take up discussion under Rule 193. I want to take the sense of the House. Today, we want to complete the Electricity Laws (Amendment) Bill. Then, we can take up discussion under Rule 193.

SERVERAL MEMBERS: Yes, Sir.

MR. SPEAKER: So, this is the sense of the House.

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): दिल्ली में जो हड़ताल चल रही है हॉस्पिटल्स वगैरह में, उसके बारे में मैंने सुबह कहा था कि मैं बात करूंगा। आज स्टेटमेंट के लिए लिखकर आपको दिया है। मंत्री जी स्टेटमेंट देने के लिए तैयार बैठे हैं। अगर आप कहें तो वह स्टेटमेंट दे दें।

... (व्यवधान)

डा.शकील अहमद (मधुबनी) : दिल्ली के मुख्य मंत्री को २०० रुपया फाइन किया गया है, उसके बारे में मंत्री जी कुछ कहें। हमें मालूम है कि आप खुश हैं, मगर उसके बारे में तो कुछ कहें।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, the hon. Minister of State for Health and Family Welfare wants to make a statement.

MR. SPEAKER: Now, Shri Om Prakash will speak on the Electricity Laws (Amendment) Bill.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: Excuse me, Sir, two days back, the same Bill was going on but it was postponed and the discussion on Maruti Udyog was taken up at the time which was specified in the List of Business. May I know why this discrimination when the atrocities on women are to be discussed because nothing will be finished now?...(Interruptions)

MR. SPEAKER: No, there is no discrimination at all.

... (Interruptions)

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE: Sir, it should be taken up now. ....(Interruptions)

MR. SPEAKER: This Bill has been coming up for the last four days. After completing it, we will take up Discussion under Rule 193. There is no discrimination.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: There is no question of discrimination. We will take it up today itself.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Om Prakash.

... (Interruptions)

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE : This is discrimination. MR. SPEAKER: There is no discrimination. We will take it up today. There is no problem.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I have allowed Shri Om Prakash.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Madam, no disturbance please.

SHRI MOTILAL VORA (RAJNANDGAON): Sir, I am on a point of order. ....(Interruptions)

MR. SPEAKER: What is your point of order?

SHRI MOTILAL VORA (RAJNANDGAON): The Government has permitted the State to control the strike of the health employees. ....(Interruptions) People are dying and the dead bodies which are kept in the mortuaries are eaten away by ants. We do not want to hear from the Minister all these details of what meeting had taken place. What actual action has been taken? ....(Interruptions)

MR. SPEAKER: No point of order please.

Shri Om Prakash.

">16.12 hrs.

श्री ओमप्रकाश (गाज़ीपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने जो विद्युत विधि (संशोधन) विधेयक, १९९८ इस सदन में पेश किया है मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इतना जरूर कहूंगा कि मंत्री महोदय ने इस विधेयक को यहां प्रस्तुत करने से पहले इस पर न केवल उन्होंने बल्कि उनके पूरे मंत्रालय के अधिकारियों ने खूब चिन्तन और मन्थन किया होगा और मंत्री महोदय ने तथा मंत्रालय के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया होगा। मैं कहना चाहता हूं कि बिजली आज मानव के जीवन की आवश्यक अंग बन गई है। बिना बिजली के ऐसा लगता है कि मानव जीवन अधूरा है। इसलिए इसकी आपूर्ति बढ़े इसके लिए सोचना जरूरी है क्योंकि यह जनजीवन से जुड़ी हुई है। इस समस्या का समाधान हम कैसे करें, इसके ऊपर गहनता से सोचने की जरूरत है।

अध्यक्ष महोदय, ५० वर्ष की आजादी के बाद आज भी हमारे देश के गांव और देहात बिजली न होने के कारण अंधेरे में डूबे हुए हैं। आज गांव का हर व्यक्ति सोचता है कि हम ऐसे स्थान पर रहें जहां बिजली उपलब्ध हो, लेकिन स्थिति यह है कि खेत और खलिहान में बिजली का अभाव दिखाई दे रहा है। सबसे पहले देश की आजादी के समय यह विचारधारा पनपी कि बिजली को सरकारी क्षेत्र में रखा जाए, क्योंकि निजी क्षेत्र में लोगों के पास इतना धन नहीं होगा कि वे इसको निजी क्षेत्र में संचालित कर सकें। अतः बिजली को सरकारी क्षेत्र में लाने के लिए खूब धूम मचाई गई और प्राईवेट सैक्टर की बात को इसलिए टाल दिया गया कि उसके पास इतना पैसा नहीं है कि वह इस व्यवस्था को कारगर बना सके।

अध्यक्ष महोदय, इस क्षेत्र में जितनी भागीदारी निजी क्षेत्र के लोगों की होनी चाहिए, उतनी नहीं हुई। हमारे बिजली विभाग के पूर्व मंत्री ने इस बात को उजाकर कर दिया कि जितनी तादाद में इस क्षेत्र में प्राईवेट लोग आने चाहिए थे, उतनी तादाद में नहीं आ सके। अब सरकारी क्षेत्र से बिजली को निजी क्षेत्र में लाया जा रहा है और २० साल बाद फिर कहीं यह न हो कि इसे पुनः निजी क्षेत्र से सरकारी क्षेत्र में लाना पड़े, इसलिए अच्छी तरह से सोच-समझ कर इस विधेयक को पारित किया जाए।

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मंत्री महोदय स्वीकार करते हैं कि देश में ४७ प्रतिशत बिजली की चोरी हो रही है और जब आधे से थोड़ी सी कम मात्रा में बिजली चोरी हो रही है, तो हमें पूरी की पूरी व्यवस्था पर कारगर तरीके से सोचना चाहिए और इस समस्या का समाधान करना चाहिए। उत्तरी ग्रिड में जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा आते हैं जिसमें २० बिजलीघर हैं। इनमें से उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक हैं। एक महीने में तीन बार विद्युत सप्लाई फेल हुई और पूरा का पूरा बिजली विभाग इस बात पर चिन्तन और मन्थन करता रहा कि कब विद्युत की गड़बड़ी ठीक होगी लेकिन उसके लिए हम आज तक कोई व्यवस्था नहीं कर पाए हैं और इस बात पर नहीं पहुंच पाए हैं कि हम उसका समाधान कैसे करें।

बार-बार पूछने के बावजूद राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के सचिव वगैरह साफ-साफ यह बताने को तैयार नहीं हुए कि वह फेल क्यों हुआ और इसके क्या उपाय हैं? इसके लिए एक समिति गठित की गई थी लेकिन वह समिति अभी तक यह तय नहीं कर पायी कि उसमें कौन सा फाल्ट था, कौन सी कमी थी, कौन सी मजबूरी थी, कौन सा टेक्नीकल फाल्ट था जिससे उत्तरी ग्रिड फेल हुआ।

आज देश का बहुत बड़ा भाग बिजली न होने के कारण अंधकार में है। आज भी सिनमन गांव में ऐसा कहा जाता है कि यदि बिजली विभाग के कर्मचारियों को तन्खवाह न दी जाये और कहा जाये कि तुम तन्खवाह के आधार पर नौकरी न करो, तो वे वेतन नहीं लेंगे बल्कि इसमें अटूट लूट के कारण वे नौकरी करते रहेंगे । गांव के हर खेत खलिहान में इस बात को कहा जाता है। अगर इसके समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने कायदे से कार्यवाही की होती, जैसे अभी राजो सिंह जी ने कहा कि बहुत से संस्थानों पर बकाया हैं जैसे सिंचाई विभाग, कलैक्टरी, थाने और अन्य बड़े-बड़े संस्थान। इसके साथ-साथ जो स्टेट के विद्युत बोर्ड हैं, उन पर भी बकाया है। इस बात को सरकार में रहने वाले लोग महसूस करते हैं या नहीं कि यह मेरा घर है और इसे जिम्मेदारी से निभाने का काम अगर हम करते तो यह नहीं कह सकते थे कि समस्या इतनी गम्भीर बनी रहती। लेकिन इस बात को दावे के साथ कह सकते थे कि यदि इस विभाग के मंत्री और अधिकारी जिम्मेदारी से काम करते तो जो इतनी बड़ी समस्या है, उसे बहुत कम कर दिया गया होता और फिर इस संशोधन बिल को लाने की जरूरत न होती।

जब यह संशोधन बिल सदन में लाया गया है, मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यह देश की बहुत बड़ी समस्या है। इसको बड़ी गंभीरता से लेने की जरूरत है क्योंकि बिजली ने एक आदमी की जिंदगी का रूप ले लिया है। यदि उसके समाधान के लिए हम चिन्तन मन्थन करने का काम नहीं करेंगे तो जो समस्या आज दिखाई दे रही है, वह प्राइवेट क्षेत्र में चले जाने से भी हल नहीं होगी। प्राइवेट सैक्टर में जाने के बाद, ऐसा नहीं कि कोई अलाउद्दीन का चिराग की तरह जहां-जहां घुमाए वहां-वहां बिजली चली जाये - ऐसा बिल्कुल नहीं है। आज इसमें संकल्प और इच्छाशक्ति की कमी है। हमारे अधिकारी जिन पर हम लाखों करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, यदि उनमें आत्मबल, संकल्प और इच्छाशक्ति जाग्रत हो जाये तो आज भी इसे कारगर रूप दिया जा सकता है। लेकिन बड़ी बड़ी फैक्टरी वाले, होटल वाले कागज में पांच हार्स पावर का इंजन लगायेंगे जबकि होटल वगैरह में २५-२५ हार्स पावर का इंजन चलाते हैं। एक ए.सी. की जगह तीन ए.सी. चलायेगे। खेत खलिहान वाला एक बल्ब भी जला ले तो वह भी बड़ी बात है। कुछ टयूबवैल भी चोरी से चलाते है। गांव के दो-चार दबंग किस्म के लोग ही ऐसे चला सकते हैं लेकिन जो गरीब है, मर्माहत है, दुखी है, पीड़ित है, बेहाल है, वह इंसपैक्टर राज में कभी भी बिजली जलाने या बिजली चुराने का काम नहीं करेगा। इसलिए मैं यह जरूर कहूंगा कि संशोधन के साथ-साथ मन और मिजाज साफ होना चाहिए। हमें दृष्टि बहुत दूर तक ले जाने की जरूरत है। यदि हम संशोधन कर रहे हैं तो गांव में रहने वाले लोग, जो इस देश की आत्मा कहे जाते हैं, किसान जिनके बारे में यह परिभाषा है कि भारत गांवों का देश है, किसानों का देश है और इस देश में जो सबसे अधिक मर्माहत, दुखी, पीड़ित या बेहाल है तो वह किसान ही है। शहर के लोग कहीं न कहीं से अपना तामझाम दिखाकर, कुछ ऊपर नीचे देखकर जैसे तैसे अपनी व्यवस्था कर लेते हैं लेकिन गांव घर, खेत खलिहान में रहने वाला व्यक्ति इंसपेक्टर राज में आफिस में आने से डरता है और अपनी बात इच्छाशक्ति से कह भी नहीं पाता ।

इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहूंगा कि वे इस गंभीर विषय पर सोचने का काम करें क्योंकि माननीय मंत्री जी एक महान पिता के पुत्र हैं। मैं कम से कम १८-१९ साल से उन्हें जानता हूं । जब हम बी.एस.सी. में पढ़ते थे, वह शायद यूनीवर्सिटी के प्रभारी थे, हम बी.एस.सी. के छात्र नेता थे, उस समय उनसे मिले थे। तब से मैं कम से कम १८-१९ साल से जानता हूं।

... (व्यवधान)

संगत का असर पड़ता है। 'संगत से गुण होत है, संगत से गुण जाये'। संगत से उधर इन चार-छः महीनों में पता नहीं कितना असर पड़ा है।

अंत में मैं मंत्री जी से यह जरूर कहूंगा कि यह गंभीर विषय है और इस पर ठीक से सोचने समझने की जरूरत है। जयहिन्द।

">PROF. SAIFUDDIN SOZ (BARAMULLA): Mr. Speaker, Sir, I consider this Bill as a progressive measure. It is progressive because of two things. One is, for the first time, transmission is seen as an activity independent of generation and distribution. The second factor for calling it as a progressive measure is that my colleagues from the Left, for the first time, have evolved a consensus that any activity can go to the private sector. Even while watching from a distance, they do feel that it is good to put the transmission in the private hands. Therefore, this is a progressive measure.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): So, you concede that what we support must be progressive.

PROF. SAIFUDDIN SOZ : You also support, sometimes, in silence. I have lived too long with you to understand these things. Anyway, I am very happy. I consider this Bill as a progressive measure. If Shri Kumaramangalam, I know his ability, had more time, maybe, he would have drafted the Bill better.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE :What was the hurry?

PROF. SAIFUDDIN SOZ: It is because there are so many thefts, and there are so many weaknesses in the system. So, he feels that the transmission activity should be modernised, and we give him all support for this.

We, in Jammu and Kashmir, have suffered a great deal because even when the power was available in Salal we could not take it to Kashmir Valley. The Centre did not come to our rescue at all. But now, when this Government has come in the State, there is adequate electricity and, at the moment, we have no problem. But for the future, the transmission activity should not be left only to the State Government. From the Centre, this capable Minister must oversee the arrangements of transmission because a lot of talent is available around in engineers and other personnel. So, we should have good transmission lines because transmission is a very big problem in the State of Jammu and Kashmir.

As far as thefts are concerned, you have already stated that it is horrible. There are thefts of two kinds. One is that the individuals do it. They do it in so many States. Then, there is the organised theft. There is theft because transmission system is not modernised or organised. We are a poor country and there is no doubt about it. But henceforth, wherever it is possible, is it not feasible to have an under-ground transmission as in other countries? I do not compare with America or the Europe. But I saw in some countries of the Middle-East, which have come up very recently, where the whole system of transmission is under-ground. Therefore, when the hon. Minister raises to answer these points that we have raised, would he not like to say what he will contribute in the future? What is he going to do? Will he initiate some measures to put these lines under-ground? Once the transmission lines are under-ground, the thefts will be checked to a large extent.

Coming to the licenses, I think, they will go to the private sector. But arrangements will have to be made to see that these licenses are held by people who have not only the money but also the wherewithal. The private sector's first concern is profit, and profit is wanted by people who have money and who can invest it. Of course, these things will come in the rules, but in the Bill, he could have provided some broad qualifications. For the grant of transmission licenses to any person, we have to qualify it in the Bill. The rules will come later. Will it go to persons and companies on asking? Those companies should pass some tests and those tests have to be rigorous.

Then we shall have no objection, but such a situation is not reflected in the Bill.

Then coming to punishment, Shri P. R. Kumaramangalam, I think, has not found time to see the punishment. I invite the attention of the hon. Minister to page 5, Clause 6, line 4 which reads as follows: -

"41A. Whoever, in contravention of the provisions of this Act or regulations or licence conditions, engages in the business of transmission of energy shall be punishable with fine which may extend to Rs.3,000".

What is the punishment? A fine of Rs.3,000 is no punishment. Even now, he will not make it as a point of prestige. During the last many times, the hon. Minister has accepted whatever good suggestions were given. If you are punishing a person or company or any entrepreneur, shall a fine of this meagre amount be imposed? If he continues to commit thefts or go against the law on a day to day basis, he will be charged Rs.300 per day.

I would request the hon. Minister to kindly consider this measure and this level of punishment. It must be raised. I would like to say that if it is a company, it should be Rs.1 lakh, if it is an individual Rs.10,000 and if that company or individual continuously violates law, they should be debarred because others will come. You say that there will be a daily fine which may extend to Rs.300/-. This is absolutely wrong and I think the hon. Minister will understand. He has a level of understanding. He should not give support to this measure even now. But sometimes Ministers miss because others prepare these things.

So, I would request the hon. Minister to enhance punishment. It should become a deterrent. There is no prevention of rules. I find certain ideas have been offered. I consider this measure very progressive.

I support this Bill but with the minor amendments which I have offered.

Thank you very much.

">SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (AKOLA): Mr. Speaker, Sir, as far as the Electricity Bill is concerned, I would like to raise the issue of the industries that are being shifted because of increase in power tariff. [Maharashtra is one State which went in for privatisation in power sector for the first time. It has still to come in line. But there is one effect that has taken place. I think the hon. Minister has to look into it because it is going to create imbalance and that imbalance is that industries from Maharashtra are being shifted to Silvasa, Daman, and Gujarat. A few days ago, there was a meeting of the industries of Western Zone in which the tariff rates that are going to be fixed by the State Electricity Boards are going to be so high that they said that the conclusion would be either to shift the industries or to close down the industries. There are a few States which are more industrialised. Maharashtra is one of them. If the industries are going to feel the pinch of the increase of the new policy that has come, the other effect would be on the agriculture sector.

Apart from the agriculture sector, the other one is the consumers of the home industry which is there. That is also going to be affected. In the course of the reply, I would like to know from the hon. Minister why they are going in for the increase in tariff in respect of the whole thing. I would also like to know whether they have taken into calculation this unbearable tariff in respect of the users and what are the consequences that are going to be there. If the consequences are going to lead to a situation where nobody would be in a position to afford it, then the question of the counter-guarantee that has been given by the Minister and by the Government comes in. What is going to happen to the Electricity Boards? I would also like to know from the hon. Minister as to what is going to be its effect on the Balance of Payments position.

Sir, these are the two important factors which, I think, the hon. Minister has to take into consideration. I do request him that even though he is making a distinction between production and supply, and the other things, the security angle also has to be taken into consideration. He has to take into consideration the vulnerability of the security angle also. I hope he will take this into consideration and reply.

">SHRI KONIJETI ROSAIAH (NARASARAOPET): Mr. Speaker, Sir, at the outset, I would like to say that power saved is power generated. There are no two opinions about this. The amending Bill mainly aims at transmission, licences and certain other changes in the system of transmission. Unless and until we have enough power, the question of transmission comes next only.

There are three distinct areas which are generation, transmission and distribution. Nodoubt, in almost all the States of this country, transmission losses are on the very high side. They may slightly vary from one State to another. As a matter of fact, so far, no concrete steps have been taken to bring down the losses in transmission. Of course, some attempts have been made by the respective Electricity Boards but they have not resulted in any tangible success. I am putting one question to the hon. Minister. What are the steps taken by this Government either in Delhi or in the States to step up generation of power? Mr. Minister, are you reviewing the projects that are likely to come up in this country? Is there any systematic review?

I hail from Andhra Pradesh. A number of power projects have been awarded to the private parties there. But I am sorry to say that in respect of many of the projects, the people concerned have not even laid the foundation-stone for generation of power. For instance, as you are all very well aware, Visakhapatnam is a fast-growing city. From all angles, it is a very fast-growing city. There, the Hindujas were given a power project long long ago. But it is only on paper. The PPAs have been signed. The PPAs have been revised. Similarly, in Ramagundam of Andhra Pradesh, another power project was given to BPL in the year 1994. On 31st October, 1994, they signed the Power Purchase Agreement also. At that time, the estimated investment for the power project of 500 MW was only Rs.1611 crore. Later on, the Government that came into power started saying that the estimate was on the high side.

